पुलिस ने किया फर्जी एमसीएक्स ट्रेडिंग रैकेट का पर्दाफाश

▶ मोबाइल से मिले करोड़ों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन

नव भारत न्यूज

रतलाम। जिले के सरवन थाना क्षेत्र में अवैध एमसीएक्स ट्रेडिंग के नाम पर संचालित एक बड़े संदिग्ध नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने फर्जी ट्रेडिंग और धोखाधड़ी से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके मोबाइल की जांच की तो करोड़ों रुपये के संदिग्ध ऑनलाइन लेनदेन और कई डिजिटल आईडी का पता चला। अब पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से कई व्यापारी जुड़े हो सकते हैं और जांच का दायरा रतलाम सहित आसपास के कई जिलों तक पहुंच गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल के नेतृत्व में सरवन थाना पुलिस कार्रवाई कर रही है। मामले की शुरुआत 6 जून 2026 को हुई, जब रतलाम के सैफी नगर निवासी दिव्यांश उर्फ छोटू सोनी ने सरवन थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरवन निवासी आदित्य सोमानी ने एमसीएक्स ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी की और बाद में उससे करीब एक करोड़ रुपये की मांग की। जांच के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 224/2026 दर्ज कर मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्रकरण कायम किया।

विवेचना के दौरान आरोपी आदित्य सोमानी को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल जब्त किया गया। डिजिटल जांच में मोबाइल से कई अलग-अलग आईडी संचालित होना सामने आया। इन आईडी के माध्यम से बड़े पैमाने पर ऑनलाइन एमसीएक्स ट्रेडिंग और वित्तीय लेनदेन किए जाने के संकेत मिले हैं। तकनीकी विश्लेषण में अब तक करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजेक्शन सामने आने की जानकारी मिली है।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने मोबाइल से कुछ महत्वपूर्ण डेटा हटाने का प्रयास किया था। पुलिस अब मोबाइल को डिजिटल फोरेंसिक जांच और डाटा रिकवरी के लिए साइबर विशेषज्ञों के पास भेज रही है। इसके अलावा बैंक खातों, डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी गहन जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सरवन, सैलाना, रतलाम, महिदपुर, उज्जैन और मंदसौर के कुछ व्यापारियों की संभावित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। हालांकि उनकी भूमिका की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और जांच के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सेमलिया, प्रधान आरक्षक गजेन्द्रसिंह झाला, प्रधान आरक्षक सूर्यपालसिंह, आरक्षक हिम्मतसिंह तथा साइबर टीम के प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा और आरक्षक विपुल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने मोबाइल को डिजिटल फोरेंसिक जांच,डाटा रिकवरी के लिए भेजा

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने मोबाइल से कुछ महत्वपूर्ण डेटा हटाने का प्रयास किया था। पुलिस अब मोबाइल को डिजिटल फोरेंसिक जांच और डाटा रिकवरी के लिए साइबर विशेषज्ञों के पास भेज रही है। इसके अलावा बैंक खातों, डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी गहन जांच की जा रही है।

पूर्व सीएम सिंह का दौरा आज, बढ़ाएगा राजनीतिक हलचल

▶ शाम को होगी बैठक, संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर मंथन के संकेत

नव भारत न्यूज

रतलाम। मध्य प्रदेश की राजनीति के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को अल्प प्रवास पर रतलाम पहुंचेंगे। उनके दौरे को कांग्रेस संगठन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिग्विजय सिंह दोपहर 4 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां वे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी को मजबूत करने के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों और भविष्य की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हो सकता है।

शहर (जिला) कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने बताया कि सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर सर्किट हाउस पहुंचने का आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता से संवाद कर सकें।

दिग्विजय सिंह का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब प्रदेश में कांग्रेस संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज है। ऐसे में रतलाम की यह बैठक स्थानीय संगठन के लिए अहम मानी जा रही है और पार्टी कार्यकर्ताओं की नजरें इस संवाद पर टिकी हुई हैं।

बैठने की बात पर आधी रात टी-स्टॉल पर बवाल

नव भारत न्यूज

रतलाम/नामली। जिले के नामली थाना क्षेत्र में पंचर की दुकान पर बैठने की बात को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार घटना 24 जून की रात करीब 11.05 बजे भदवासा फंटे स्थित कपिल टी-स्टॉल के पास हुई। फरियादी विनोद राठौड़ (31) निवासी भदवासा ने शिकायत दर्ज कराई कि नामली निवासी राकेश पिता माणकलाल राठौड़ ने पंचर की दुकान पर बैठने की बात को लेकर उसके साथ विवाद किया। आरोप है कि आरोपी ने पहले अश्लील गालियां दीं, फिर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

शिकायत के आधार पर नामली थाना पुलिस ने 25 जून को अपराध क्रमांक 270/2026 दर्ज कर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(ए), 115(2) और 351(3) के तहत मामला कायम किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक नवीन पटेल द्वारा की जा रही है। फिलहाल किसी प्रकार की जब्ती या गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई करेगी।

बाजार में पुरानी रंजिश पर दिनदहाड़े लाठी चली

नव भारत न्यूज

रतलाम। जिले के बाजना थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते बाजार में एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन लोगों ने पहले गाली-गलौज की, फिर लकड़ी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार घटना 25 जून को शाम करीब 4 बजे बाजना के ठीकरिया रोड स्थित बाजार क्षेत्र में हुई। फरियादी संजू पिता मोगजी मईड़ा (23), निवासी ग्राम सरपोटा थाना पाटन, ने शिकायत दर्ज कराई कि वह बाजना बाजार आया था। इसी दौरान पुरानी गांव की रंजिश को लेकर आरोपी रामलाल पिता तोला कटारा निवासी ग्राम खेरवा, राजू पिता मंगला निनामा तथा बहादुर पिता मंगला निनामा, दोनों निवासी ग्राम रावदा थाना पाटन, ने उसे रोक लिया। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पहले अश्लील गालियां दीं और फिर लकड़ी से हमला कर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। बाजना थाना पुलिस ने फरियाद के आधार पर मामला कायम किया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक योगेश निनामा कर रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुए, एवं शपथ दिलाई

रतलाम। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 26 जून, अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य सेवन एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर विकासखंड आलोट में नशा मुक्ति जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अतिथि जिला समन्वयक एमसीएक्स रत्नेश विजयवर्गीय, सतीश टांक एवं विकासखंड समन्वयक मुकेश कटारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।जिला समन्वयक एमसीएक्स रत्नेश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति की प्रतिभा, स्वास्थ्य, परिवार एवं भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाकर जनजागरूकता के वाहक बनें। नवांकुर संस्था दुधावती सेवा समिति के अध्यक्ष एमसीएक्स अमर सिंह झाला ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी को मिलकर इस अभियान को जनआंदोलन बनाना होगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेंद्रसिंह कंथारिया, जगदीश शर्मा (धतुरिया), किशोर सिंह डोडिया (नारायणी), अमर सिंह झाला (दुधावती), मिथिलेश जोशी, पूजा सांखला, संदीप सांखला, हेमेंद्र सिंह निगम, ऋषिकांत सिंह पवार, अमित रामावत सहित छात्र-छात्राएं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लोकतंत्र सेनानी का किया सम्मान

रतलाम। दीनदयाल मंडल वार्ड क्रमांक 16 लोकतंत्र सेनानी मीसाबंदी चंदनमल पिरोदिया (गुरु साहब) का अभिनंदन किया गया। आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष पहलाद राठौड़, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पवार, मंडल महामंत्री आकाश खड़के, मंडल उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, वार्ड पार्षद रणजीत टाक,एमआईसी सदस्य राजू सोनी, पार्षद धर्मेंद्र राका, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र चौहान,सदस्य राखी व्यास, गोपाल गौशाला कॉलोनी अध्यक्ष नरेश सकलेचा, ललित मूणत और अधिक संख्या में मंडल पदाधिकारी और वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री आकाश खड़के व आभार पार्षद रणजीत टाक ने माना।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके जावरा के कवि डॉ. उपाध्याय

जावरा। सुमधुर गीतकार और प्रख्यात कवि डॉ. प्रकाश उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वियतनाम के होची मिन्ह शहर में 19 से 23 जून तक आयोजित अखिल भारतीय सर्व भाषा संस्कृति समन्वय समिति के 24 वें अधिवेशन में डॉ. उपाध्याय को उनके उत्कृष्ट सृजनात्मक अवदान के लिए प्रतिष्ठित वियतनाम विभूति सम्मान से नवाजा गया। डॉ. उपाध्याय को यह सम्मान संस्था के वैश्विक अध्यक्ष, प्रज्ञान पुरुष एवं मैक्समूलर सम्मान से सम्मानित पंडित सुरेश नीरव द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, बैंगलोर,ज्ञान चंद मर्मज्ञ विशेष अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल अनूप कुमार, विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, ग्रेटर नोएडा संजीव कुमार थे। इस गरिमापूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन में डॉ. प्रकाश उपाध्याय के साहित्यिक सफर, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित पत्रिका प्रज्ञान विश्वम के विशेष अंक का लोकार्पण भी अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। डॉ. प्रकाश उपाध्याय की इस वैश्विक और ऐतिहासिक उपलब्धि पर जावरा सहित देश-विदेश में हर्ष की लहर है। उनकी इस सफलता पर उनके चिकित्सक साथियों, साहित्यिक मित्रों, स्नेहीजनों और परिजनों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस पांच दिवसीय अधिवेशन में वैश्विक स्तर पर साहित्यकारों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया से श्रीमती अर्चना नायर, सिंगापुर से श्रीमती स्मिता एवं पूजा श्रीवास्तव सहित भारत के विभिन्न शहरों से आए प्रसिद्ध और मूर्धन्य साहित्यकारों ने सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम का कुशल और श्रेष्ठ संचालन बड़ौदा की सुप्रसिद्ध कवयित्री राखीसिंह कटियार ने किया।

पल्स पोलियो अभियान तैयारियों की समीक्षा

नव भारत न्यूज

रतलाम। पल्स पोलियो अभियान का आयोजन दिनांक 28 जून रविवार को किया जाएगा। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष आयु के सभी बच्चों को पल्स पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर किरण वाडीवा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत कार्ययोजना की समीक्षा बैठक सीएमएचओ कार्यालय में ली। बैठक में सीएमएचओ सहित जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील , डॉ सत्येन्द्र राजावत , मीडिया अधिकारी आशीष चौरसिया , कोल्ड चैन प्रभारी निलेश चौहान, आर आई डाटा मैनेजर कमल सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे ।

मंत्री काश्यप ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

▶ जनएमस्यटअं कट डकयट त्वडरत एमटधंटन

नव भारत न्यूज

रतलाम। कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

राजबाग कॉलोनी में हिट एंड रन : 65 वर्षीय महिला घायल

रतलाम। शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत राजबाग कॉलोनी में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक 65 वर्षीय महिला घायल हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार घटना गुरूवार सुबह करीब 8 बजे राजबाग कॉलोनी स्थित भोलेनाथ मंदिर के सामने आम रोड पर हुई। फरियादी रानी पति दीपक जोशी (38), निवासी महेश नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी सास ललिताबाई पति लक्ष्मीनारायण जोशी (65) निवासी टैंकर रोड नया गांव सड़क पर थीं। इसी दौरान एक अज्ञात कार चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ललिताबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पुलिस ने 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ अंतरराज्यीय तस्कर दबोचा

▶ मुखबिर की सूचना पर फोरलेन हाईवे पर घेराबंदी, सप्लाई चेन और पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

रतलाम। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रिंगनोद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को एक किलोग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर ड्रग्स के स्रोत और पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह आजाद के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को 25 जून को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बरखेड़ी फंटा स्थित महू-नीमच फोरलेन हाईवे से अवैध एमडी ड्रग्स लेकर गुजरने वाला है।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रघुवीर जोशी सहित पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1000 ग्राम (एक किलोग्राम) एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान 52 वर्षीय युनुस पिता नियामत खान पठान निवासी ग्राम कोटड़ी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी, किसे सप्लाई की जानी थी और इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और पूरे गिरोह के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल का पदग्रहण समारोह आज

रतलाम। रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल का 40वां पदग्रहण समारोह कल शनिवार, 27 जून को शाम 7:30 बजे आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस डॉ. अशोक कुमार भार्गव होंगे।

समारोह में अनिल बाफना रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल के नए अध्यक्ष एवं मनोज काठेड सचिव पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशेष आतिथ्य में रोटरी मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष (सत्र 2026-27) संस्कार कोठारी करेंगे। विशेष अतिथि डॉ. जितेश गड़िया रहेंगे।

अध्यक्ष और सचिव के अलावा पियूष भंडारी, ललित काठेड, धर्मेंद्र ललवानी और प्रवीण रामावत उपाध्यक्ष, के.एम. जैन एवं मनोज कुमार बोराना सहसचिव तथा अभय मेहता कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी भी शपथ लेकर अपने दायित्व संभालेंगे।

होगा सेवा गतिविधियों का आयोजन

नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाफना ने बताया कि इस वर्ष क्लब का ध्येय वाक्य 'मेरा रोटरी, मेरा अभियान' रखा गया है। इस अभियान के तहत रतलाम जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण से जुड़ी अनेक सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

मोहर्रम जुलूस में करंट से 3 की मौत, 3 बिजली कर्मचारी निलंबित

जावरा। पिपलोदा तहसील के ग्राम हतनारा में मोहर्रम के ताजिये के जुलूस के दौरान गुरूवार रात एक अत्यंत दुखद घटना घटी। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10-15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों की पहचान राशिद खान, अरबाज और सद्दाम (सभी निवासी हतनारा) के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना के पीछे विद्युत मंडल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। हुसैनी कमेटी, हतनारा द्वारा एसडीएम और तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि शांति समिति की बैठक में तय होने के बावजूद विभाग ने न तो जुलूस के दौरान लाइन बंद की और न ही झूलते तारों को दुरुस्त किया। कमेटी ने दोषी अधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है। घटना की गंभीरता और विभाग की बड़ी लापरवाही को देखते हुए विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है। विभाग के कार्यपालन यंत्री ने तत्काल प्रभाव से लाइनमैन सहित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है।

एक नजर में

जावरा के सांदीपनि विद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर डंका, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन में बना देश का सिरमौर

जावरा के सांदीपनि विद्यालय ने 12 लाख स्कूलों को पछाड़कर हासिल की 5-स्टार रैंकिंग

नवभारत न्यूज

जावरा। स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन परिणामों में जावरा शहर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय ने इतिहास रचते हुए पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेंडरी कैटेगरी में विद्यालय ने फाइव स्टार रैंक के साथ 98.4 अंक हासिल कर न केवल जावरा बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने पूरे देश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 12 लाख स्कूलों का मूल्यांकन किया था। यह रैंकिंग स्वच्छता, हरित पहल, जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, अवशिष्ट उन्मूलन और सौर ऊर्जा जैसे विविध संकेतकों के आधार पर की गई। मध्यप्रदेश के लगभग 70,000 स्कूलों में से चयनित टॉप-20 स्कूलों में सांदीपनि विद्यालय 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में प्रथम रहा था।

टीम वर्क, दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम: विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र बोस ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय अनुशासित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने राज्य शिक्षा केंद्र और लोक शिक्षण संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन को भी सराहनीय बताया। प्राचार्य के अनुसार विद्यालय के इको क्लब एवं स्वच्छता समिति ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। संयोजकगण सुनील सोनी, कामिनी खान, हर्षा नामदेव, विजय प्रजापति एवं कैलाशचंद्र कपासिया के नेतृत्व में प्रतिदिन के लक्ष्य निर्धारित कर काम किया गया। उपप्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने इसे उत्साहवर्धक बताते हुए भविष्य में भी विद्यालय को सर्वोपरि रखने का संकल्प दोहराया

इन खासियतों ने दिलाया नंबर वन का ताज

100 प्रतिशत कचरा मुक्त योजना और गीला-सूखा कचरा का पृथक्करण। परिसर में निर्मित वर्मी कंपोस्ट खाद, हर्बल गार्डन और किचन गार्डन। वर्षा जल संरक्षण, आरओ के वेस्ट वाटर से सिंचाई की व्यवस्था और सौर ऊर्जा प्रबंधन। पूर्णत: प्लास्टिक मुक्त हरित परिसर। परिसर में 400 पेड़-पौधों का रोपण और प्रमुख पेड़ों पर तकनीक का इस्तेमाल करते हुए क्युआर कोड लगाना आदी शमिल है।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दी बधाइयां

राष्ट्रीय स्तर पर नगर के सांदीपनि विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धि से प्रदेश भी गौरवान्वित हुआ है। संपूर्ण विद्यालय परिवार की मेहनत प्रेरणीय एवं प्रशंसनीय है, साधुवाद। **डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक**

निश्चित ही नगर के इस विद्यालय ने स्वच्छता एवं हरियाली की दिशा में श्रेष्ठ कार्य किया है। **रचना शर्मा, एसडीएम जावरा**

देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने से पूरे शिक्षा विभाग का नाम रोशन हुआ है। विद्यालय को बहुत-बहुत बधाई। **सिमरन सूर्यवंशी, डीईओ**

सांदीपनि विद्यालय ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढाया है। हम नगर को भी स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। **अनम युसूफ कड़पा, नपा अध्यक्ष, जावरा**